संक्षेप

## कूड़ा घर का निर्माण कार्य देखने गये प्रधानपति की पिटाई

प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ गांव में ग्राम पंचायत की ओर से कूड़ा घर का निर्माण चल रहा है। बीती बीस जनवरी को प्रधानपति अरविंद यादव प्रस्तावित भूमि पर हो रहे कूडा घर के निर्माण को देखने गये थे। आरोप है कि इसी बीच गांव के उदयपाल, अजय यादव, आशीष यादव जबरन निर्माण कार्य बंद कराने लगे। प्रधानपति ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। सांगीपुर थानाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस की ओर से बुधवार को स्थानीय बाजार में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया। महिला उप निरीक्षक स्वाती वर्मा की अगुवाई में मिशन शक्ति टीम ने बाजार में महिलाओं को योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं से सम्बन्धित पर्चे बांटे। टीम ने 1090 व डॉयल 112 आदि टोल फ्री नम्बरों पर परेशानी में महिलाओं से पुलिस की मदद लेने के बाबत जानकारी बांटी। महिला उप निरीक्षक स्वाती वर्मा ने बताया कि थानों पर महिलाओं की समस्या के निदान के लिए अलग से काउण्टर बनाए गए हैं। जहां वे शिकायत कर सकती है। इस मौके पर महिला आरक्षी गुंजा सरोवर, श्वेता दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## महिला से टप्पेबाजी के आरोप में दो पर केस

प्रतापगढ़। टप्पेबाजी कर महिला से नाक की कील ले जाने वाले आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उदयपुर थाना के नसीरपुर निवासी मो0 हासिम पुत्र हाफिज ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बीस जनवरी को खेत में काम करने गयी उसकी दादी मोमिन बानो की नाक की कील टप्पेबाज झांसा देकर लेकर चले गये। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा जारी

प्रतापगढ़। तहसीलदार की ओर से अतिक्रमण हटाए जाने की नोटिस जारी करने के बावजूद भी दबंग भूमाफिया अवैध कब्जा जारी रखे हैं। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के काशीपुर गांव मे ग्रामसभा की जमीन पर भूमाफिया वीम व पिलर डालकर अवैध कब्जा कर रहे हैं। इसके बावजूद भी ग्राम पंचायत सचिव व लेखपाल मूकदर्शक बनें हुए हैं। अठारह जनवरी को कुण्डा के तहसीलदार अलख शुक्ला ने राजस्वकर्मियों के साथ अवैध निर्माण रोकने और ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी कर मौके पर चस्पा भी कराया है। इसके बावजूद भी भूमाफिया अवैध निर्माण जारी रखे हुए हैं।

## घर में घुसे चोर उड़ा ले गये जेवरात, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। कोतवाली के पूरे वंशी निवासी शांतिभूषण तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीस जनवरी की रात अज्ञात चोर घर से जेवरात उठा ले गये। सुबह उठने पर पीड़ित परिवार को घटना की जानकारी हुई तो होश उड गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन चोरों का कोई सुराग नही लग सका। लालगंज के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## वैष्णो देवी इंस्टीटयूशन का वार्षिकोत्सव कल

प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ क्षेत्र के गोंदाही स्थित वैष्णो देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य विश्वविद्यालय के प्रो0 विवेक कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि और डीआईओएस ओंकार राणा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। उक्त जानकारी प्रबन्धक छोटेलाल यादव ने दी है।

# कार दुर्घटना में बी.फार्मा के दो छात्रों की मौत

कानपुर। कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में पनकी रोड पर बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराने से उसमें सवार बी.फार्मा के दो छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चलता है कि दुर्घटना से पूर्व कार बहुत तेज गति में थी जिससे इस भीषण दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान प्रथम पांडेय (24) और आकाश यादव (25) के रूप में हुई है, जबकि घायलों में आर्यन यादव और सत्यम पाल शामिल हैं। ये सभी कन्नौज जिले के हैं। कार चला रहे प्रथम पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आकाश यादव ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वहीं आर्यन और सत्यम को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) एसएम कासिम आबिदी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह दुर्घटना गाड़ी की तेज रफ्तार के कारण हुई।

## सड़क हादसों में किशोर सहित दो लोगों की मौत

बलिया। जिले के दो थाना क्षेत्रों में मंगलवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रेवती कस्बा के वार्ड नं 12 के निवासी साहिल यादव (18) तथा मुकेश साहनी (18) मंगलवार शाम को बाइक पर सवार होकर बेलहरी जा रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल रेवती थाना क्षेत्र के गायघाट बेलहरी मार्ग पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवती पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने साहिल को मृत घोषित कर दिया तथा गम्भीर रूप से घायल मुकेश को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना में नरही थाना क्षेत्र के सोहांव गांव निवासी श्याम बिहारी यादव (52) मंगलवार अपरान्ह में कोटवा नारायणपुर गांव से घर जा रहे थे, तभी कोरंटाडीह गांव के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि इस मामले में मृतक के भतीजे जयपाल यादव की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डीएम ने चाइल्ड हेल्पलाइन का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गत बुधवार महिला कल्याण उ०प्र० सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर / चाइल्ड हेल्प लाइन का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने चाइल्ड हेल्प लाइन के निरीक्षण के समय संवासी पंजिका में दिसम्बर 2025 में 02 बच्चे और जनवरी 2026 में 04 बच्चे में संवासित पाये गये। निरीक्षण के समय रोस्टर के अनुसार कार्मिक उपस्थित पाये गये। चाइल्ड हेल्प लाइन के 01 कक्ष में विशेष दत्तक ग्रहण इकाई के संचालन हेतु सामग्री संरक्षित किया गया। कार्मिक भर्ती प्रक्रियाधीन है जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक/ जिला प्रोबेशन अधिकारी का मो० नं० दिवारों पर लिखवाने के साथ ही कार्यालय साईन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी रिक्त पदों को 01 माह के अन्दर भरे जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। ड्यूटी रोस्टर के अनुसार कार्मिक उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय संवासी पंजिका में दिसम्बर 2025 में 36 पीडितायें और जनवरी 2026 में 17 पीडितायें संवासित पायी गयी। वर्तमान में सेंटर पर 05 पीडितायें (04 बालिकायें/01 महिला) संवासित पायी गयी तथा 02 पीडितायें मेडिकल परिक्षण हेतु चिकित्सालय गयी थी। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में संचालि हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी कार्मिक उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के कार्मिकों को योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गये।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनफरियाद



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में स्वयं जनसुनवाई करें और प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## समाजसेवा व शिक्षा के क्षेत्र में बाबू शिवमूर्ति सिंह का अमूल्य योगदानः राकेश सिंह

प्रतापगढ़। लीलापुर इलाके के सड़वा दुबान साहबगंज स्थित बाबू संतबक्श ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट के संस्थापक बाबू शिवमूर्ति सिंह की पुण्य स्मृति में सदभावना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुखपति डॉ0 राकेश सिंह ने कहा कि पूर्वजों का सम्मान करना हमारी भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा है। उन्होने कहा कि बाबू शिवमूर्ति सिंह ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता करूणेश महराज व संचालन अनूप त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रशांत सिंह, शिवम सिंह, शरद सिंह, आरके विश्वकर्मा, अमित सिंह समेत शिक्षण संस्थान के छात्र व छात्राएं मौजूद रहे।

## कल 90 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

श्रावस्ती। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने बताया कि शासन के निदेशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद श्रावस्ती में 23 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 90 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन वृहद स्तर पर मेगा इवेंट के रूप में संपन्न होगा। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विकास खण्डों एवं नगर निकायों से चयनित जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसमें विकास खण्ड गिलौला के 14, इकौना के 17, हरिहरपुररानी के 12, जमुनहा के 10, सिरसिया के 27, नगर पालिका परिषद भिनगा के 08 तथा नगर पंचायत इकौना के 02 जोड़े सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को गरिमामय एवं सुगम बनाना है, जिससे सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिले।

## डीएम ने उचित दर विक्रेता की दुकान का अनुबंध पत्र किया निलम्बित

सिद्धार्थनगर। जनपद के खेसरहा ब्लाक क्षेत्र के चर्चित ग्राम पं0 बनके ग्राम निवासी ग्राम वासियों ने उचित दर विक्रेता श्रीमती तलीबुननिशा के वितरण प्रणाली में घोर अनियमितता की शिकायत की जांच में पायी गयी, जिसके विरुद्ध ग्राम प्रधान बनकेगांव, विकास खण्ड खेसरहा व अन्य ग्रामवासियों द्वारा जनता दर्शन में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के समक्ष उचित दर विक्रेता श्रीमती तलीबुन्निशा के वितरण के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच में अनियमितता पायी गयी। अनियमितता के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के अनुमोदन आदेश 21.01.2026 द्वारा उचित दर विक्रेता की दुकान का अनुबन्ध पत्र निलम्बित कर दिया गया है। विदित हो खेसरहा ब्लाक क्षेत्र के कई उचित दर विक्रेताओं द्वारा उक्त वितरण प्रणाली में घोर अनियमितता व घटतौली की तरह तरह चचाओं सहित सुर्खियों में कई उचित दर विक्रेता कोटेदार बने हैं। जो सम्बंधित जिम्मेदारों को सवालों के घेरे में खड़ा करता है।

## भाकियू ने किसान दिवस का किया बहिष्कार



सिद्धार्थनगर। जिले के अम्बेडकर सभागार में आयोजित भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने गत बुधवार किसान दिवस का बहिष्कार कर दिया गया। किए गए बहिष्कार के उपरांत भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि अगर एक माह में जिलाधिकारी 1 घंटे का समय नहीं दिया जाएगा तो फिर किसान दिवस लगाने का मतलब ही क्या है किसान संगठनों द्वारा किसान दिवस का पूरी तरह से बहिष्कार किया गया जिसमें सारे किसान अंबेडकर सभागार से बाहर निकल गए किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि शासनादेश में बिल्कुल स्पष्ट है कि किसान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी के नेतृत्व में किया जाएगा लेकिन पिछले दो किसान दिवस से जिला अधिकारी किसान दिवस में मौजूद नहीं हुए और किसने की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया, यूनियन ने कहा कि अगले किसान दिवस में भी इसी तरह जिलाधिकारी मौजूद नहीं रहेंगे तो संगठन सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी पूरा किसान संगठन 24 को जाम करने के लिए बाध्य होगा।

## एसएसपी डॉ. अभिषेक ने सुनी जनता दर्शन जनफरियाद



सिद्धार्थनगर। जिले के एसएसपी डा 0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आए फरियादियों की फरियाद सुनी गई। गत बुधवार जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसएसपी ने जनसुनवाई करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप व जनहित के मद्देनजर सम्बंधित फरियादियों के समस्याओ शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, एसएसपी ने प्राप्त हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर अवगत कराएं जाने हेतु सम्बंधित को निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान कुल 5 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, उक्त शिकायती पत्रो के निस्तारण हेतु एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन ने शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेश किया गया।

## दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद

कुशीनगर। कुशीनगर में विशेष पॉक्सो अदालत ने 16 वर्षीय लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के जुर्म में एक शख्स को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता अजय गुप्ता ने बताया कि विशेष पॉक्सो न्यायाधीश व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने दोषी छोटेलाल मुसहर पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है और अर्थदंड की 80 प्रतिशत धनराशि मृतका के पिता को दिए जाने का आदेश दिया है।

# तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस ने 03 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। जो की बांसी कोतवाली पुलिस का उत्कृष्ट कार्य माना जा रहा है। एसएसपी व एएसपी के दिए गए निर्देश व क्षेत्राधिकारी बाँसी रोहिनी यादव के कुशल निर्देशन एवं थाना बांसी प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में गत 21.01.2026 को थाना बांसी पुलिस ने मु0अ0सं0 009/2026 धारा 191(2),118(2),115(2),352,351(3) इठर थाना बांसी में वांछित 03 अभियुक्तों को मोहल्ला राप्ती नगर रामगढ़ बगीचा से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर, न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम पता 01.अशोक यादव पुत्र सत्यदेव यादव निवासी मोहल्ला राप्तीनगर रामगढ़ थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर। 02.उदय प्रकाश यादव पुत्र अशोक यादव निवासी मोहल्ला राप्तीनगर रामगढ़ थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर। 03.रियाज अली उर्फ छोटू पुत्र अहमद अली उर्फ पुन्नी निवासी मोहल्ला राप्तीनगर रामगढ़ थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल.उप निरीक्षक स्वामीनाथ भास्कर ,.का0 सूर्य प्रकाश सिह ,.का0 घनश्याम सिंह थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# रूरल बार एसोसिएसन ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को संसद से पारित कराने की मांग

**गोरखपुर।** ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन द्वारा संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित कराए जाने को लेकर बुधवार को यहां दीवानी तथा कलेक्टेज्ट परिसर में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्टेज्ट उत्कर्ष श्रीवास्तव को ज्ञापन भी सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजवाए गए ज्ञापन में एसोसिएसन ने संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पास कराए जाने की मांग उठाई है। वही दीवानी परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष अधिवक्ताओ ने इस अधिनियम को पारित कराए जाने का पुरजोर संकल्प भी जताया। आमसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश



शुक्ल ने कहा कि इस समय अधिवक्ताओं की सुरक्षा सबसे चिंताजनक है। उन्होने कहा कि सड़क चौराहे से लेकर अदालत परिसर तक में वकीलो पर रोज प्राणघातक हमले हो रहे हैं। उन्होने हाल ही में लखनऊ हाईकोर्ट परिसर में पुलिस की दबिश को न्यायालय की गरिमा पर भी गहरा आघात ठहराया। उन्होने कहा कि बजट सत्र में संसद में सरकार यह विधेयक नही ले आयी तो अगले चरण में उनका एसोसिएसन नई दिल्ली कूच कर संसद का घेराव भी करेगा। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि प्रदेश के बलरामपुर, बाराबंकी के हैदरगढ़ समेत कई जिलों में वकीलों पर अराजकतत्वों ने हमला बोला है। उन्होने कहा कि सरकार वकीलों को शिक्षकों व कर्मचारियों की भांति पांच लाख रुपए का कैशलेस हेल्थ बीमा तक नहीं दे पा रही है। सिविल कोर्ट बार एसोसिएसन के पूर्व महामंत्री अजय आनन्द ने भी अधिवक्ताओं की सुरक्षा व सम्मान तथा सुविधाओं पर सरकार से प्रभावी कदम उठाये जाने की मांग की। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रूदल यादव व संचालन अधिवक्ता सन्नीचंद्र कौशिक ने किया। इस मौके पर इरफान खान, योगेश प्रताप सिंह, अंजू सिंह, सुनील यादव, विवेक सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, अजीतनाथ चौधरी, गौरव वर्मा आदि अधिवक्ता रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 से श्रावस्ती में महिला सशक्तीकरण




श्रावस्ती। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेजझ5.0 के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में संचालित हो रहा है। अभियान के तहत मिशन शक्ति टीमों एवं शक्ति मोबाइल टीम द्वारा विद्यालयों, गांवों, कस्बों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल, संवाद कार्यक्रम एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान, सुरक्षा उपायों एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक महिला एवं बालिका को ह्लशक्ति दीदीह्व के रूप में जोड़कर सामाजिक, मानसिक एवं कानूनी रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालयों में आयोजित विशेष जागरूकता सत्रों के दौरान छात्राओं को गुड टचझ्बैड टच, सुरक्षित विद्यालय वातावरण, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों, सम्मानजनक आचरण, सड़क सुरक्षा नियमों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस दौरान ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, फर्जी लिंक व फिशिंग कॉल की पहचान, डळढ एवं बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल सूचना देने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार




बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी थाना कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। थानाप्रभारी निरीक्षण मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राकेश पुत्र जुगानू निवासी भड़ही मिश्रौलिया थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण मे व क्षेत्राधिकारी बाँसी रोहिनी यादव के कुशल निर्देशन में क्रियाशील थानाप्रभारी निरीक्षण थाना कोतवाली बांसी मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व मे पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक रामाज्ञा प्रसाद व हे0 का0 शैलेन्द्र प्रताप चंद थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा गत 21.01.2026 को उक्त पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 256/2025 धारा 137(2),65(1) इठर व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना बांसी में वांछित अभियुक्त को सोनखर बाजार से गिरफ्तार किया गया।

# एसएसपी ने सिद्धार्थनगर महोत्सव का लिया जायजा



सिद्धार्थनगर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा 0 अभिषेक महाजन ने सिद्धार्थनगर महोत्सव की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। व सम्बंधित को पार्किंग व्यवस्था, यातायात शांति व्यवस्था तथा सुरक्षा हेतु अधिनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। गत बुधवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने जनपद में 28 जनवरी से 01 फरवरी, 2026 तक बीएसए ग्राउण्ड मे आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया। दौरान निरीक्षण महोत्सव की तैयारियों, पार्किग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शांति व्यवस्था हेतु लगाये जाने वाले पुलिस बल इत्यादि की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 प्रसाद, विश्वजीत सौरयान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात सुजीत कु 0 राय, राज कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय तथा प्रभारी यातायात अमरेश कु0, प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर दुर्गा प्रसाद सहित अन्य कई अधिकारी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा

## डीएम ने भ्रामक रिपोर्ट देने पर बीडीओ के खिलाफ की परिनिन्दा कार्रवाई

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर- जोगिया विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े एक फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई के चलते यह मामला सामने आया, जिसमें गलत और भ्रामक रिपोर्ट देने के आरोप में संबंधित खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के खिलाफ परिनिन्दा की कार्रवाई करते हुए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। यह प्रकरण आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या 20018425009443 से संबंधित है। शिकायतकर्ता रेखा पत्नी शिवराज, निवासी ग्राम नगरा, पोस्ट व थाना जोगिया ने आरोप लगाया था कि जोगिया विकासखंड की एक ग्राम पंचायत में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक अपात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया गया। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रारंभिक जांच मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) को



सौंपी गई। इसके बाद जांच खंड विकास अधिकारी, जोगिया को दी गई, जिन्होंने 7 जनवरी 2026 को प्रस्तुत रिपोर्ट में शिकायत को असत्य और निराधार बताया। शिकायतकर्ता के असंतोष जताने पर आईजीआरएस प्रभारी ने उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए, लेकिन इसके बावजूद खंड विकास अधिकारी ने 13 जनवरी 2026 को भी अपनी पूर्व रिपोर्ट दोहराते हुए शिकायत को निराधार बताया। इस पर जिलाधिकारी ने स्वयं संज्ञान लेते हुए मामले की जांच परियोजना निदेशक, डीआरडीए से कराई। परियोजना निदेशक ने 16 जनवरी 2026 को प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में शिकायत को सही पाया। रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम पंचायत जोगिया निवासी श्री निरंजन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अपात्र पाए गए। उच्चस्तरीय जांच में सच्चाई सामने आने के बाद जिलाधिकारी ने भ्रामक रिपोर्ट देने वाले अधिकारी के खिलाफ तत्काल परिनिन्दा की कार्रवाई करते हुए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज कराई। इस कार्रवाई को प्रशासनिक लकों में व्यापक सराहना मिल रही है। माना जा रहा है कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की इस सख्त पहल से न केवल आईजीआरएस पोर्टल की विश्वसनीयता मजबूत हुई है, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी, लापरवाही या शिकायतों में गुमराह करने की कोशिश किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने लगायी चौपाल, किया जागरूक



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा ब्लाक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख शिवाजी चंद के अध्यक्षता में विकसित भारत जी राम जी योजना जागरूकता को लेकर चौपाल कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बांसगांव सांसद और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि विपक्ष द्वारा मनरेगा का नाम बदलने पर तमाम भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत जो पहले 100 दिन रोजगार की गारंटी हुआ करती थी, वह अब 125 दिन रोजगार की गारंटी इस योजना में केंद्र सरकार द्वारा दी गई है। इससे ग्रामीणों को और ज्यादा रोजगार मिल सकेगा और उनकी मजदूरी पहले महीने में आती थी, इस योजना में 15 दिन के अंदर अगर उनका पेमेंट नहीं हुआ तो ब्याज के साथ उनकी मजदूरी दिए जाने का प्रावधान है। पासवान ने कहा कि मनरेगा में जो भ्रष्टाचार हुआ करता था, इस योजना के द्वारा उस भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाने का काम भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में उपस्थित जनमानस को जानकारी उपलब्ध कराई। गगहा ब्लाक प्रमुख शिवाजी चंद ने आए हुए सभी अतिथियों सहित सभी उपस्थित जनमानस का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री सबल सिंह पालीवाल ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला, खंड विकास अधिकारी रजत गुप्ता, अरविंद पांडे, सुनील पासवान, दिनकर चंद, संतोष चंद, मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा, अमित पांडे, ग्राम प्रधान अनिल शाही, विनोद सिंह, हरिकेश चंद, मनोज चंद, दीपक दीवाना, अच्छे लाल यादव, जब्बार चंद, सद्दन तिवारी, राकेश सिंह, अरविंद शाही, संतोष सिंह, विक्की निषाद, पंकज सिंह प्रदीप कनौजिया महेंद्र पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## झोपड़ी में लगी आग हजारों का सामान खाक

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के सेमरडाड़ी सम्मय माता मंदिर के पास स्थित झोपड़ी में सोमवार की मध्यरात्रि दो अज्ञात लोगो ने आग लगा कर भाग गये। पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को घटना से अवगत करा दिया है। ग्राम सभा अहिरौली निवासी रामदास सिंह पुत्र स्व० महाबल सिंह ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि वह सेमरडाड़ी सम्मय माता मंदिर से लगभग दो सौ मी० उत्तर सड़क के किनारे अपने खेत में टंकी रख कर किराने की दुकान चलाता हूँ। उसी के बगल में रहने के लिये झोपड़ी बनाया था। मंगलवार को रात्रि लगभग 12 बजे के आस पास दो अज्ञात लोगो ने आग लगा दी झोपड़ी जलते समय आग की लपट शरीर पर पड़ी तो किसी तरह से भाग कर जान बचा कर बाहर निकल शोर मचाने लगा।

## बलदेव प्रसाद ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपा



इटावा। रुपए लेने के बाद भी मकान का बैनामा न किए जाने और लगातार धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए मशहूर बल्देव मिष्ठान भंडार के संचालक सुरेश यादव व उनके पुत्र शरद यादव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत की। देशबन्धु द्वारा महिलाओं को आगे करके बराबर शरद यादव को धमकियां दी गई है और रूपए लेने के बाद नीयत खराब हुई। पीड़ित से रूपए लेने के बाद उसी को धमकियां देने लगे दबंगों द्वारा मारपीट की गई। पीड़ित परिवार ने एसएसपी से कार्यालय पहुंचकर घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। शरद यादव ने बताया कि उनका विवाद उत्तम सोनी से हुआ था जिसके बाद देशबन्धु, रामजी सोनी, उत्तम सोनी और आशीष सोनी द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही है। आरोप है कि उक्त लोगों ने पैसे लेने के बावजूद मकान का बैनामा नहीं किया और अब फर्जी मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांचकर न्याय दिलाने की मांग की है। इस पर एसएसपी ने आश्वासन दिया कि लगाए गए सभी गंभीर आरोपों की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाएगी तथा दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। शरद यादव ने यह भी कहा कि नगर सहकारी बैंक में जांच की जाए अविनाश सोनी उर्फ रामजी देशबंधु सोनी उपाध्यक्ष बन के फर्जी गोल्ड लोन रखकर बहुत सारे लोगों को लूट और षड्यंत्र के तहत बेवकूफ बना रहा है नगर सहकारी बैंक में रखा सोने की जांच हो फर्जी गोल्ड लोन के नाम से लोगों को बेवकूफ बनाकर पैसा बैंक से उठाया और एक भाई इसका उदयपुर में लोगों के साथ धोखाधड़ी करके आया सोने के नाम से पीतल रख कर आया लोगों से पैसा ले आया फिर पैसा वापस नहीं करना चाहता एक भाई वैदपुरा बेच आया वैदपुरा में सोने के नाम से पीतल और बघेल रख आया वह लोगों के नाम पैसे ले आया लोगों को बेवकूफ बनाया षड्यंत्र के तहत यह वैदपुरा उदयपुर के लोग इनको ढूंढते हैं उनके घर आते हैं यह मारपीट करके भगा देते हैं ना पैसे देते हैं बेवकूफ बना रहे हैं लोगों को पुलिस स्प्न अनुरोध करेंगे कि यह जांच की जाए उदयपुर और वैदपुरा में जाकर उनकी जांच करें सकते उदयपुर में वैदपुरा में जांच की जाए।

# दादा-दादी सम्मान समारोह का होगा आयोजन



गोला, गोरखपुर। के आर मेमोरियल एकेडमी के भड़सरा व सुरदापार राजा स्थित विद्यालय के दोनो प्रांगण में 23 व 24 जनवरी को दादा-दादी सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम पारिवारिक संस्कारों एवं मूल्यों से परिपूर्ण होगा। उक्त जानकारी विद्यालय प्रबंधक बागेश्वरी राय ने दी। उन्होंने बताया कि आधुनिकता के दौर में सामाजिक, पारिवारिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है। इन्हीं मूल्यों एवं संस्कारों को आगामी पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 23 जनवरी दिन शुक्रवार को विद्यालय के भड़सरा गांव स्थित प्रथम शाखा व 24 जनवरी दिन शनिवार को सुरदापार राजा गांव स्थित विद्यालय प्रांगण में होगा। विद्यालय प्रबंधक बागेश्वरी राय ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों के दादा और दादी समय से स्कूल पर पहुंचकर सम्मान प्राप्त करें।

# पिपरौली में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

## सनातन धर्म विश्व को देता है प्रेम, एकता और समरसता का संदेश : अजय नारायण



पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली बाजार स्थित आरके मैरेज हॉल में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारी संख्या में संख्या में लोगों की सहभागिता रही। सम्मेलन में राष्ट्र और धर्म की एकता के संकल्प लिया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अजय नारायण (विभाग प्रचारक, गोरखपुर) ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है, जिसमें प्रेम, करुणा, समरसता और मानवता की मिठास सदैव विद्यमान रहती है। सनातन हिंदू धर्म ही समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। इसी की देन है कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आज पूरी दुनिया में अपने विशाल और वैभवशाली स्वरूप में प्रतिष्ठित है।

विशिष्ट अतिथि सहजनवां के भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की एकता और सांस्कृतिक चेतना ही देश की असली शक्ति है। उन्होंने युवाओं से अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. कल्पनाथ सिंह ने की, जबकि संचालन सुरज निगम ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिलीप कुमार यादव, भूतपूर्व ब्लॉक प्रमुख पिपरौली संजय दुबे, मंडल अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, पियूष सिंह, सुरजीत सिंह, छोटे लाल मौर्या, आकाश गुप्त, विनोद निगम, जनार्दन श्रीवास्तव, परमात्मा सिंह, सुशील निगम, शिवकुमार, आराध्या सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएमश्री स्कूल सेमरी का युग्मन हुआ ज्ञानदास राय इंटरमीडिएट कॉलेज गोला मे




गोला, गोरखपुर। शासन के निर्देश के क्रम में पीएमश्री विद्यालयों का मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के साथ ट्विनिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालयों के बीच पारस्परिक सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण सृजन हेतु गगहा ब्लॉक के पीएमश्री स्कूल सेमरी का युग्मन गोला बाजार स्थित स्व0 ज्ञानदास राय इंटरमीडिएट कॉलेज से किया गया। पीएमश्री स्कूल सेमरी के बच्चों और अध्यापकों का प्रबंध निदेशक सौरभ राय एव प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में कॉलेज प्रशासन द्वारा रोरी चंदन, फूल माला और प्रतीक चिह्न आदि के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया। बच्चों और अध्यापकों ने अपने अपने अनुभव और विचार एक दूसरे से साझा किया। बच्चों ने विभिन्न विषयों से संबंधित टीएलएम, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल के मैदान डिजिटल सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक और राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि यह कार्यक्रम निश्चित रूप से दोनों विद्यालय के बच्चों के क्षमता संवर्द्धन और उनके अधिगम स्तर में सुधार में अति प्रभावी सिद्ध होगा। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर धीरेन्द्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा के निर्देशन और ब्लॉक अध्यक्ष डॉ सुमंत सिंह के नेतृत्व में सकुशल सम्पन्न हुआ। ट्विनिंग कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सदन तिवारी सहायक अध्यापक राम सिंह पंकज कुमार गुप्ता गुलाब अशोक कुमार चौहान प्रिन्स और स्व ज्ञानदास राय इंटरमीडिएट कॉलेज प्रशासन का योगदान सराहनीय रहा।

## अवैध मिट्टी खनन में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार देर रात गीडा पुलिस और जिला खनन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध मिट्टी खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके से पकड़कर सीज कर दिया। मंगलवार रात करीब 2 बजे, जब अवैध खनन माफिया अपने काम में लगे थे, तभी खनन विभाग और गीडा पुलिस की संयुक्त टीम ने खरैला गांव में अचानक छापेमारी की। पुलिस की धमक देखते ही खनन स्थल पर हड़कंप मच गया। टीम ने मौके से मिट्टी से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कब्जे में ले लिया।

## होटल के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

गोरखपुर। रेलवे स्टेशन रोड स्थित मालकिन होटल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक ठंड लगने के कारण व्यक्ति की मौत हुई है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## लोन की धनराशि न जमा करने पर मकान किया सील

चरगांवा, गोरखपुर। शाहपुर इलाके के मोहम्मद नगर कॉलोनी निवासी युवक द्वारा प्राइवेट बैंक से लोन लेकर प्रतिमाह किस्त जमा नही करने पर बुधवार को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने जिला प्रशासन के साथ पहुंच और मकान से सारा सामान बाहर कर मकान को सील करा दी। जानकारी के मुताबिक, बिहार प्रांत के एजाज अहमद शाहपुर इलाके के पादरी बाजार स्थित मोहम्मद नगर कॉलोनी में लगभग 15 वर्षों से मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। आरोप है कि उन्होंने तीन साल पहले बैंक रोड स्थित उत्कर्ष इस्माइल फाइनेंस कंपनी से 16 लाख रुपये लोन लिया था। लोन लेने के बाद वह किस्त भी नहीं जमा किया। बैंक ने लोन जमा करने के लिए उनको कई बार नोटिस भी दिया, उसके बाद भी लोन नहीं जमा किया। जिसके बाद फाइनेंस कंपनी ने मकान नीलामी के लिए जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र दी। बुधवार को उप जिलाधिकारी सदर दीपक गुप्ता, फाइनेंस कंपनी के लीगल एडवाइजर विवेक और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मकान से सारा सामान बाहर कर मकान को सील कर दी गई।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार



इटावा। अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये अभियुक्त को पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड में किया गया गिरफ्तार। कब्जे से तंमचा, 2 खोखा कारतूस, 2 जिन्दा कारतूस, मोटर साइकिल घटना में प्रयुक्त की गयी बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही। पुलिस टीम में नरेन्द्र कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना वैदपुरा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निदेशों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 21 जनवरी की रात्रि को थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महोला जेल रोड अण्डर रेल पास के पास संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान मोटर साइकिल आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से 2 राउण्ड फायर किये गये। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो गोली अभियुक्त राजा कंजड उर्फ राजा उर्फ विकास के बाँये पैर मे लगी जिसे घायल अवस्था में मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया। राजा कंजड उर्फ राजा उर्फ विकास पुत्र छुन्ना लाल निवासी मुहल्ला रामलीला जसवन्तनगर थाना जसवन्तनगर गिरफ्तार किया गया।

# रोजगार सेवकों ने ब्लाक पर किया प्रदर्शन

## पिपरौली ब्लॉक में रोजगार सेवकों को पांच माह से नहीं मिल रहा मानदेय



गीडा, गोरखपुर। विकास खंड पिपरौली में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों ने पिछले पांच माह से मानदेय न मिलने के विरोध में बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित एक पत्र सौंपकर लंबित मानदेय के तत्काल भुगतान की मांग की है।

कर्मचारियों ने बताया कि शासन द्वारा जारी विभिन्न शासनादेश वर्ष 2015, 2020 और 2021 में स्पष्ट निर्देश है कि प्रत्येक माह की 7 तारीख तक संविदा कर्मियों का मानदेय अनिवार्य रूप से भुगतान कर दिया जाए। इसके बावजूद, स्थानीय स्तर पर इन नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनके सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। रोजगार सेवकों का कहना है कि वे मनरेगा के अतिरिक्त शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे जीरो पॉवर्टी अभियान, बीएलओ ड्यूटी, क्रॉप सर्वे आदि में पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। मानदेय न मिलने के कारण वे अपने बच्चों की स्कूल फीस, दवा और परिवार के अन्य आवश्यक खर्च उठाने में असमर्थ हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासनिक मद से उनके लंबित मानदेय का भुगतान जल्द नहीं किया गया, तो वे कार्य बहिष्कार करने को विवश होंगे। प्रदर्शन के दौरान विजय कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार यादव, अमरजीत, किशन कुमार, योगेंद्र निषाद, कंचन यादव, कालिंदी सिंह, अनीता यादव, बैजन्ती, योगेंद्र प्रसाद, अर्जुन पासवान, राम आशीष, अखिलेश साहनी सहित दर्जनों रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

## सामुदायिक अध्ययन केंद्र का उद् घाटन



जसवंतनगर, इटावा। ग्राम पंचायत भावलपुर में नवनिर्मित सामुदायिक अध्ययन केंद्र, लाइब्रेरी का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार एवं विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर ग्राम प्रधान सर्वेश यादव, पंचायत सचिव हेमंत कुमार, एडीओ पंचायत देवेंद्र यादव सहित ग्राम पंचायत के गणमान्य लोग, युवा एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि यह सामुदायिक अध्ययन केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा का सशक्त माध्यम बनेगा। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को शांत वातावरण और अध्ययन सामग्री का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास का सबसे मजबूत आधार है और ऐसे केंद्र गांवों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगे। विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव ने इस पहल को सरकार की शिक्षा-प्रोत्साहन नीति से जुड़ा हुआ बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की लाइब्रेरी खुलने से विद्यार्थियों को शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। ग्राम प्रधान सर्वेश यादव ने कहा कि पंचायत स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई है, जिसे भविष्य में और सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। पंचायत सचिव हेमंत कुमार ने केंद्र के संचालन एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

**श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज राजकीय महाविद्यालय**

**पलिया कलॉ(लखीमपुर-खीरी) उ0प्र0 262902**

पत्रांक- मेमो/2025-26 दिनांक-21/01/2026

**कुटेशन सूचना**

राजकीय महाविद्यालय पलिया कला-खीरी में सत्र 2025-26 में महाविद्यालय की पत्रिका 'शारदा' का प्रकाशन होना प्रस्तावित है। कुल 1000 पत्रिकाओ की छपायी हेतु प्रिन्टिंग प्रेस मेसर्स कुटेशन दिनॉक 22/01/2026 से दिनॉक 29/01/2026 दोपहर 02 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। कुटेशन फार्म दिनॉक 29/01/2026 को अपरान्ह 03 बजे खोले जायेगे। कुटेशन फार्म महाविद्यालय कार्यालय से रू. 50 नगद जमा कर उक्त तिथि में कय कर सकते है।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
पलिया कलाँ -खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मटेहनी विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक/मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक- 21.01.2026

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मटेहनी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्य हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 28.01.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | कमल सिंह का कैटेल शेड का निर्माण कार्य। | गिटट, मौरंग, ईंट, टीन आदि | 1.56 लाख |

**नियम शर्ते**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत मटेहनी के कार्यालय में 22.01.2026 से 28.01.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत मटेहनी के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 22.01.2026 से दिनांक 28.01.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत मटेहनी के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 28.01.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

लल्ली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मटेहनी
विकास खण्ड धौरहरा

आशुतोष पाण्डेय
ग्रा.पं.वि.अधिकारी
ग्राम पंचायत मटेहनी
विकास खण्ड धौरहरा

# ट्रेन से चोरी हुआ बच्चा नोएडा से बरामद

## 3.5 लाख में बेचा था मासूम को

**इटावा**। नंदनकानन एक्सप्रेस ट्रेन से 10 माह के मासूम बच्चे की चोरी कर उसे साढ़े तीन लाख रुपए में बेचने के सनसनीखेज मामले का राजकीय रेलवे पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद महज 16 सेकेंड के सीसीटीवी वीडियो ने आरोपियों तक पहुंचाया।

बच्चे और आरोपी तक पहुंचना भूसे में सुई ढूंढने जैसे काम को राजकीय रेलवे पुलिस की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। बच्चा चोरी करने वाले आरोपी और बच्चे को खरीदने वाले दंपती को गिरफ्तार कर लिया है। छह दिन बाद मासूम इब्राहिम को सकुशल बरामद कर लिया गया है, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है। घटना दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर नंदनकानन एक्सप्रेस ट्रेन में हुई थी। अलीगढ़ से झारखंड के कोडरमा जा रही महिला मुन्नी अंसारी अपने 10 माह के बच्चे इब्राहिम के साथ यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान पास में बैठे एक युवक ने महिला को नशीला लड्डू खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। जब महिला को होश आया तो उसका बच्चा सीट से गायब था। घबराई महिला ने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। एसपी जीआरपी आगरा अनिल कुमार झा ने बताया कि 14 और 15 जनवरी की रात करीब एक बजे घटना की जानकारी मिजार्पुर जीआरपी को मिली थी। महिला की शिकायत पर मिजार्पुर में जीरो एफआईआर दर्ज की गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि नशीला पदार्थ इटावा रेलवे स्टेशन के आसपास खिलाया गया था। इसके बाद 16 जनवरी को इटावा जीआरपी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए इटावा, अलीगढ़ की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने नंदनकानन एक्सप्रेस के सभी स्टॉपेज पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में देखा गया कि एक युवक अलीगढ़ से महिला के साथ ट्रेन में चढ़ा था और फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर बच्चे को लेकर उतर गया। इसके बाद आरोपी रोडवेज बस स्टैंड पहुंचा और बस से कानपुर चला गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर से गया जाने का टिकट यूपीआई माध्यम से खरीदा था। टिकट भुगतान से जुड़े विवरण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई मोबाइल नंबर ट्रेस किए गए। पुलिस ने जांच आगे बढ़ाते हुए बुलंदशहर निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सोनू ने स्वीकार किया कि उसने चोरी किए गए बच्चे को नोएडा के दादरी निवासी अशोक और उसकी पत्नी पूनम को साढ़े तीन लाख रुपए में बेचा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने दंपती के घर से 10 माह के मासूम इब्राहिम को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में दंपती अशोक और पूनम ने बताया कि उनके पहले से एक बेटी है और वे पुत्र की चाह रखते थे। काफी समय तक प्रयास करने के बावजूद उन्हें गोद लेने के लिए बच्चा नहीं मिला। इसी दौरान उन्होंने पहले से परिचित सोनू से संपर्क किया और बच्चे को खरीदने की बात तय हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। मामले के सफल खुलासे पर एसपी जीआरपी आगरा अनिल कुमार झा ने जांच में शामिल पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। पीड़िता मुन्नी अंसारी ने बताया कि ट्रेन से उनका बच्चा चोरी हो गया था, लेकिन छह दिन बाद पुलिस ने उनके बेटे को सुरक्षित बरामद कर लिया। उन्होंने पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि बच्चे को वापस पाकर वह बेहद खुश हैं। इटावा जीआरपी प्रभारी जीतेंद्र सिंह, एसआई राहुल सिंह, कॉन्स्टेबल नीतू सिंह, जीआरपी अलीगढ़ प्रभारी संदीप तोमर, राहुल, एहतिशाम आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## बहन की फोटो दिखाकर शादी का झांसा देकर करता था ठगी

इटावा। जिले के सैफई थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर अपनी बहन की शादी कराने और मोटा दहेज दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर युवक पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोगों से संपर्क करता था, भरोसा जीतकर शादी का रिश्ता तय कराने की बात करता था और फिर किसी जरूरत के नाम पर उधार रुपए लेकर रफूचक्कर हो जाता था। आरोपी को उस समय पकड़ा गया, जब वह फिर से ठगी की नीयत से सैफई बाईपास क्षेत्र में पहुंचा था। ठगी का शिकार पीड़ित की सतर्कता और डायल 112 पुलिस की कार्रवाई से वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। ग्राम कठपुरा निवासी गुलशन यादव पुत्र विनोद यादव ने बताया कि शाहजहांपुर जनपद के थाना कांठ क्षेत्र के गांव ओधापुरा निवासी मोनू ठाकुर ने सोशल मीडिया के जरिए उससे संपर्क किया था। बातचीत के दौरान आरोपी ने अपनी बहन की शादी कराने का प्रस्ताव रखा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:- **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2026-08 (Two Packet System); कार्य का नाम: 1.** सहजनवा स्टेशन पर ब्रेकवैन रिवर्सल साइडिंग के साथ दो गुड्स स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान। **2.** गोण्डा -गोरखपुर सेक्शन में चुरेब रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान। **अनुमानित लागत (₹):** ₹11,30,23,862.64; **अग्रिम धन (₹):** ₹7,15,100/-; **समापन अवधि:** 12 माह; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2026-09; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:- वरिष्ठ मंडल इंजी०/प्रथम लज०, के अधिकार क्षेत्र में मोतीगंज-गोरखपुर कैन्ट सेक्शन के सभी स्टेशनों पर होम सिग्नल से प्लेटफॉर्म के आखिर तक फुटपाथ का निर्माण।; **अनुमानित लागत (₹):** ₹9,81,88,438.47; **अग्रिम धन (₹):** ₹6,41,000/-; **समापन अवधि:** 12 माह; **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-08 & NER-LJN-2026-09** के लिए ई-निविदा दिनांक 11.02.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू-425 लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

## किशोरी को अगवा कर निर्वस्त्र करने का आरोप

मोहम्मदी खीरी। शंकरपुर चौराहा पुलिस विकेट से महज कुछ दूरी पर एक ईंट भट्ठा पर काम कर रही किशोरी को शौच को खेत जाते समय घात लगाए बैठे लड़कों ने किशोरी को दबोच कर निर्वस्त्र कर दिया चीख पुकार मचाने पर मां के ललकारने पर आरोपी छोड़कर भाग निकले घटना से सनसनी फैल गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं है। अमीर नगर क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने बताया उसके परिवार को चार दिन पहले ठेकेदार रिजवान ईंट भट्ठा पर काम कराने के लिए लाए थे मंगलवार को उसकी 14 वर्षीय पुत्री ईंटा बनाने का काम कर रही थी। 5 बजे करीब शौच के लिए पड़ोस के खेत में गई थी जहां पहले से घात लगाए बैठे चार से अधिक युवकों ने दबोच कर निर्वस्त्र कर दिया शोरगुल सुनकर मां के दौड़ने पर आरोपी भाग निकले हैं पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपियों की पहचान करने की बात कह रही है। सरकार ने ईंट भट्ठा मालिकों पर कार्य करने वाले मजदूरों के लिए शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था के दिए गए आदेशों की अनदेखी करने में लगे हैं। जिम्मेदार अधिकारी अंजानहैं।

## युवती फांसी पर झूली

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एकौना गांव में युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है उक्त गांव निवासी 21 वर्षीय सिंपी कश्यप का शव सुबह घर के भूसे वाले कमरे में कुंडे के सहारे दुपट्टे से लटकता मिला। सुबह जब उसकी मां गीता देवी कमरे की ओर गई, तो बेटी का शव लटकता देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मां के शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य और ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

## भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, किया प्रदर्शन

जौनपुर। नगर के हुसैनाबाद में एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। पीड़ित राजेश कुमार ने उषा देवी और धर्मेंद्र सिंह पर अपनी भूमिधरी जमीन पर जबरन अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। परमानतपुर निवासी राजेश कुमार के अनुसार, उनकी भूमिधरी भूमि गाटा संख्या 79 मि० और 81 मि० हुसैनाबाद, परगना हवेली, तहसील सदर, जिला जौनपुर में स्थित है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उषा देवी पत्नी हरेन्द्र सिंह और धर्मेन्द्र सिंह पुत्र हरेन्द्र सिंह गुंडागर्दी के बल पर इस भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। राजेश कुमार ने बताया कि जब उन्होंने अतिक्रमण रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की। पीड़ित और उनका परिवार कथित दबंगों की धमकियों के कारण भयभीत है। इस मामले में राजेश कुमार ने पहले भी उप-जिला मजिस्ट्रेट, जौनपुर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।

# छोटी काशी में पतंग महोत्सव का शुभारंभ

## पतंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल (रिंकू) एवं गोला टूरिज्म संगठन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित छोटी काशी पतंग महोत्सव 2.0 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया।

आयोजन भारतीय पारंपरिक पतंग संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ चाइनीज मांझे के खिलाफ जनजागरूकता का मजबूत मंच बना।

- आमजन से अपील की कि पतंगबाजी में केवल सुरक्षित व स्वदेशी मांझे का ही प्रयोग करें
- युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ना ऐसे आयोजनों की सबसे बड़ी उपलब्धि है

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी रहीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं और जनसुरक्षा व सांस्कृतिक चेतना को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि पतंगबाजी में केवल सुरक्षित व स्वदेशी मांझे का ही प्रयोग करें। कार्यक्रम के मुख्य समागत कबीर धाम मुस्तफाबाद के प्रवीण साहेब रहे, जबकि अध्यक्षता एबीवीपी संगठन मंत्री सत्यम दुबे ने की। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ना ऐसे आयोजनों की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

प्रतियोगिता को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए गठित निर्णायक मंडल में राजेंद्र सोनी, कुलदीप तिवारी, डॉ. आदर्श दीक्षित, डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. योगेश कनौजिया एवं अधिवक्ता सुमित शाह शामिल रहे।

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। जूनियर वर्ग में शौर्य गुप्ता, अभिमान गुप्ता, युवराज तिवारी, रुद्रांश गुप्ता, मोहम्मद तंजील सलमानी, कृष्णा शर्मा, महेंद्र सिंह एवं उज्ज्वल जैन ने अपने-अपने राउंड में शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में अभिनंदन शुक्ल, दिव्यांश यादव, वंश कश्यप, विकास, अभिषेक कश्यप एवं अरुण अवस्थी ने बेहतरीन कौशल का परिचय दिया। आयोजन को सफल बनाने में गोला टूरिज्म संगठन के प्रबंधक प्रेम गुप्ता, सचिव ई. मिलिंद शुक्ल, मंत्री अनुज त्रिवेदी, मीडिया समन्वयक वीरेंद्र कुमार गुप्ता (वीनू), कमल नयन शुक्ल, अनिकेत अवस्थी, अंशुमान शुक्ल (अवि), मोहित अवस्थी, युवराज सिंह, लवकुश शास्त्री सहित नगर पालिका कर्मचारियों व स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। महोत्सव के दौरान बच्चों, युवाओं और नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार आगामी चरणों में प्रतियोगिता और अधिक रोमांचक होगी तथा समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

# अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री को दिलाई गई शपथ

धौरहरा खीरी। अधिवक्ता संघ धौरहरा की नवनिर्वाचित तहसील कार्यकारिणी के अध्यक्ष व मंत्री को बुधवार को मुख्य अतिथि एडीजे वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने शपथ दिलाई। बुधवार को तहसील धौरहरा के अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता



सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अपर जिला जज वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ,विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी धौरहरा शशिकांत मणि, उपजिलाधिकारी न्यायिक धौरहरा शुभेन्दु शेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह, तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल पूर्व महामंत्री जिला अधिवक्ता संघ राजीव पाण्डेय की मौजूदगी में अधिवक्ता संघ धौरहरा की नवनिर्वाचित कार्यकरणी के अध्यक्ष कृष्ण मोहन तिवारी,महामंत्री विवेक श्रीवास्तव को एडीजे वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने शपथ दिलाई। अध्यक्ष कृष्ण मोहन तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता बंधुओं के हितों व वादकारियों के प्रति पूर्ण सवेंदना के साथ कार्य करने के लिए कार्यकरणी हमेशा तैयार रहेगी। इस दौरान दीपक कुमार तिवारी सयुंक्त मंत्री, संत कुमार कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार भार्गव अध्यक्ष गावंर्निंग कौन्सिल सहित समस्त कार्यकारणी व कन्हैया बाजपेयी, प्रशांत श्रीवास्तव,राजू शुक्ला, कैलाश नारायण मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, जीत सिंह, रामकुमार पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार सिंह,सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

## आशा बहुओं के आंदोलन को मिला किसान संगठनों का समर्थन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वास्थ्य विभाग की अहम कड़ी मानी जाने वाली आशा बहुओं की जायज मांगों को लेकर अब जनसमर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन ( अमन संधू ) ने आशा बहुओं के आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा कर दी है, जिससे आंदोलन को नई मजबूती मिली है। भारतीय किसान यूनियन ( अमन संधू ) के पदाधिकारियों ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि आशा बहुए ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि सरकार ने शीघ्र उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया, तो किसान संगठन हर स्तर पर उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे ठंड हो, बारिश हो या आपात स्थिति, सूचना मिलते ही आशा बहुए अपने घरेलू दायित्व छोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं में लग जाती हैं। इसके बाद भी सरकार द्वारा उनकी लगातार उपेक्षा किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संगठन ने मांग की कि आशा बहुओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और उन्हें ऐसा न्यूनतम वेतन मिले, जिससे वे सम्मानपूर्वक अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। गौरतलब है कि आशा बहुए 15 दिसंबर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। लगातार मिल रहे संगठनों के समर्थन से आंदोलन के और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मनरेगा निधि की दी जानकारी

लखीमपुर खीरी। सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉकों में मजदूरों के हक सम्मान और संविधान की रक्षा हेतु चौपालों का आयोजन किया जाता।



कांग्रेस प्रवक्ता राम पाल शाक्य ने मनरेगा योजना की जानकरी दी। रवि तिवारी ने बताया कि निघासन ब्लॉक के ग्राम हरसिंहपुर में जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती की अगुवाई में, वहीं दूसरी ब्लॉक बांकेगंज के न्याय पंचायत अलीगंज कुसमौरी में के मिश्रा की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित की गई। साथ ही न्याय पंचायत जटपुरवा के ग्राम सुखनी में भी मनरेगा बचाओ चौपाल का आयोजन जिला कोऑर्डिनेटर शिप्रा स्वास्थ्य की अगुवाई में संपन्न हुआ। फूलबेहड में भी नुक्कड़ चौपाल का आयोजन किया गया उक्त चौपाल को रामपाल शाक्य ने संबोधित किया। उक्त चौपाल को संबोधित करते हुए जिला कोऑर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी एवं जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि मजदूरों के हक और सम्मान के लिए कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है और आगे भी लड़ेंगे। मनरेगा सिर्फ योजना नहीं है यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान और सामाजिक न्याय की बुनियाद है। आज अगर मजदूर मजबूत है तो देश का लोकतंत्र मजबूत है। मनरेगा बचेगी तभी गरीब बचेगा संविधान बचेगा तभी भारत बचेगा। उक्त कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से उपस्थित कृष्ण कुमार मिश्रा, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम , रघुनंदन राज पासी, राजेश अवस्थी, डॉक्टर जब्बार, राहुल कुमार विश्वकर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर हुई गोष्ठी

पलियाकलॉ खीरी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अनर्तगत राजकीय महाविद्यालय पलिया में प्राचार्य डा० सूर्यप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारी डा० वसीम खान के निर्देशन पर यातायात नियमो के प्रति जागरूक सडक सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्या अतिथि क्षेत्राधिकारी पलिया रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पलिया कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पकज त्रिपाठी एव पलिया स्थित महिला थाना अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा मंच पर मौजूद रही। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन के द्वारा छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात संकेत आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। महिला थानाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने सड़क सुरक्षा सबन्धी अपनी गम्भीर विचारो से छात्र/छात्राओ का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डा० वसीम खान ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० सूर्यप्रकाश शुक्ल ने आये हुए मंचासीन सभी अतिथियो के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक विश्राम, कनिष्ठ सहायक आकर्ष विश्वकर्मा अजय कुमार यादव अशोक, धोखे राम, परविन्दर राना सहित आदि मौजूद रहे।

## डॉ.हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न




लखीमपुर खीरी। विद्या भारती विद्यालय डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर, आवास-विकास लखीमपुरमें राष्ट्र निर्माण एवं मातृ शक्ति के जागरण हेतु सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कराते हुए कार्यक्रम की संयोजिका गरिमा मिश्रा ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखी। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में अर्चना श्रीवास्तव अध्यक्ष भारत विकास परिषद उपस्थित रहीं। प्रांतीय मुख्य वक्ता डॉ. सुरचना प्रवक्ता भगवान दीन आर्य कन्या महाविद्यालय ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। दिव्या शर्मा प्रधानाचार्या जूनियर हाई स्कूल पहाड़ापुर ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि पर अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में आचार्या वर्षा ने समूह गीत व बहिन वैष्णवी ने अभिनय गीत प्रस्तुत किया। भारतीय इतिहास की श्रेष्ठ नारियों जीजाबाई व मीराबाई का स्वरूप धारण करने वाली रुचि गुप्ता व अनुष्का गुप्ता ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से सभी को प्रेरणादाई संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी को अध्यक्षीय उद्बोधन प्राप्त हुआ।

# नये सत्र से बच्चों के भविष्य को नयी उड़ान देगा एसपी. इंटरनेशनल स्कूल




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से एस.पी. इंटरनेशनल स्कूल का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह विद्यालय प्ले ग्रुप से लेकर सीनियर सेक्शन तक विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास से जोड़ने का कार्य करेगा।

विद्यालय के शुभारम्भ को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रबन्धक बीटू पटेल एवं प्रधानाचार्य अजय कृष्ण आनन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ विद्यालय में पठन-पाठन कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्य आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का मिशन विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उनके मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास को मजबूत करना है। प्रत्येक छात्र में आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद क्षमता, तार्किक सोच, रचनात्मकता और नवाचार विकसित करना विद्यालय की प्राथमिकता में शामिल है। मोहम्मदी रोड न्यू बायपास चैराहे से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर मेन रोड स्थित यह विद्यालय नवीनतम आर्किटेक्चर से निर्मित किया गया है। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुल 40 आधुनिक कक्षाएं, दो बड़े हॉल तथा एक पृथक गतिविधि एवं इंटरवल हॉल की व्यवस्था की गई है। स्वच्छता एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिसर में तीन अलग-अलग स्थानों पर आधुनिक शैली के शौचालय बनाए गए हैं। विद्यालय फायर सेफ्टी इक्विपमेंट्स से पूरी तरह सुसज्जित है तथा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लिफ्ट की भी व्यवस्था की गई है। प्रबन्धक बीटू पटेल ने बताया गया कि विद्यालय में प्रवेश शुल्क पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। विद्यार्थियों के लिए बस एवं वैन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। एस.पी. इंटरनेशनल स्कूल पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम एवं सी.बी.एस.ई. बोर्ड पाठ्यक्रम पर आधारित होगा। कक्षाओं में वीडियो इलेक्ट्रॉनिक पैनल बोर्ड लगाए गए हैं। विद्यालय में कंप्यूटर व रोबोटिक्स लैब, साइंस एवं मैथ्स लैब, इनडोर व आउटडोर खेलकूद के साधन, म्यूजिक रूम, आधुनिक सैनिटाइज्ड बाथरूम तथा प्रत्येक छात्र के लिए पृथक मेज-कुर्सी की व्यवस्था की गई है। प्ले ग्रुप स्तर पर लर्निंग बाय डूइंग पद्धति को अपनाया जाएगा, जिससे बच्चों में सीखने की रुचि स्वाभाविक रूप से विकसित हो सके। विद्यालय सत्यवती पटेल ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की 25 वर्षों की शैक्षणिक परंपरा से जुड़ा हुआ है। ग्रुप द्वारा हरदोई एवं लखीमपुर जनपद में पांच स्नातकोत्तर महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जहां से अब तक हजारों छात्र विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं।

## अमर पाल सिंह को सौंपा संगठनात्मक दायित्व



लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान यूनियन ( सम्राट ) ने संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमर पाल सिंह को संगठनात्मक दायित्व सौंपा है ।इस आशय का औपचारिक मनोनयन प्रमाण-पत्र संगठन द्वारा जारी किया गया है ।अमर पाल सिंह कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला किशोर नगर पिपरिया राजापुर लखीमपुर खीरी जनपद के निवासी हैं।

संगठन ने उनके सामाजिक जुड़ाव, कार्य अनुभव और किसान हितों के प्रति सक्रिय भूमिका को ध्यान में रखते हुए यह जिम्मेदारी प्रदान की है ।मनोनयन पत्र 21 जनवरी 2026 को भारतीय किसान यूनियन ( सम्राट ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा० चौ० रामप्रकाश मौर्य द्वारा जारी किया गया जो लखीमपुर के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव द्वारा उनको प्रदान किया गया है ।प्रमाण-पत्र में यह अपेक्षा व्यक्त की गई है कि अमर पाल सिंह संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए, जाति और धर्म से ऊपर उठकर किसानों एवं संगठन के हित में कार्य करेंगे ।संगठन के राष्ट्रीय सचिव संतोष सैनी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन ( सम्राट ) का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाना और उन्हें प्रशासनिक स्तर तक पहुंचाना है। इसी क्रम में संगठन निरंतर सक्रिय और समर्पित कार्यकताओं को दायित्व सौंप रहा है ।मनोनयन की जानकारी के बाद क्षेत्र में किसानों और संगठन से जुड़े कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। स्थानीय किसानों ने उम्मीद जताई कि नए दायित्व के साथ अमर पाल सिंह किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को क्षेत्र में और मजबूत करेंगे।


## एक ही रात दो घरों में धावा, 48 लाख की चोरी से गांव में दहशत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनियां में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर करीब 48 लाख रुपये के जेवरात व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। बड़ी वारदात के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।

मंगलवार रात चोरों ने सबसे पहले गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र हेमनाथ के घर को निशाना बनाया। चोर छत के रास्ते घर के भीतर घुसे और कमरे में रखी अलमारी को तोड़ दिया। सुबह परिजनों की नींद खुली तो कमरे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा गया तो कीमती सामान गायब था। दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोरी में चार जोड़ी पायल, दो भारी हार, एक झाला, दो जोड़ी पायल, तीन जोड़ी पायल जेवरी, दो कमर बिछुआ, तीन जोड़ी माला, एक जोड़ी झुमकी, दो हार, दो जोड़ी कंगन, दो मंगलसूत्र, एक झुमकी, कमर बिछुआ, छह अंगूठी, तथा एक जोड़ी सोने की चेन शामिल है। इन सभी की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई गई है। इसी रात चोरों ने गांव निवासी सफीक पुत्र जहीर के घर को भी निशाना बनाया, जहां से करीब आठ लाख रुपये का कीमती सामान चोरी कर लिया गया। दोनों वारदातों को अंजाम देने के बाद चोर फरार हो गए। सुबह चोरी की सूचना फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ितों के घर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। एक ही रात में दो बड़ी चोरी की घटनाओं से हैदराबाद थाना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि गश्त न के बराबर है, जिससे चोर बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र खुलासा, रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## विधायक ने कस्तूरबा विद्यालय में बांटी स्टडी टेबलें



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के बिजुआ ग्राम वस्तौली स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत मेधावी छात्राओं को अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को स्टडी टेबल वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को स्टडी टेबल वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा कि बेटियों को शिक्षा के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना समाज और राष्ट्र दोनों के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि बेटियों को सही वातावरण और सुविधाएं मिलें तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। पढ़ाई के लिए दी गई यह सुविधा छात्राओं की एकाग्रता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को हर जरूरी सुविधा मिले, जिससे उन्हें शिक्षा के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर अवधेश मिश्रा, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, देवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चू सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिव्या भारती, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता देवी, राजेश मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि मनोज राज, खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत रेनुकूट, सोनभद्र

पत्रांक : 30/न.पं.रे./2025-26/ दिनांक - 21.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि '15 वाँ वित्त आयोग अनटाईड ग्रांट' की धनराशि से कार्य कराने हेतु बेबसाइट -http://etender.up.nic.in पर निम्न समय-सारणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित कार्यों का विवरण नियम एवं शर्तें तथा अन्य समस्त जानकारी बेबसाइट- http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता | दिनांक 22.01.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 02.02.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 2 | ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन निविदा डाउनलोड /अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 02.02.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 3 | ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान | दिनांक 03.02.2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे। |

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि व नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, रेनुकूट**
**सोनभद्र**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, रेनुकूट**
**सोनभद्र**

